छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

सूचना

क्रमांक 18825/दो–14–1/2024 बिलासपुर, दिनांक 21 / 11/2024
Adv. No. 01/2024(Legal Assistant)

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में लीगल असिस्टेंट के पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची (provisional list) छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है।

उक्त पद हेतु अपात्र पाये गये अभ्यर्थियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 29/11/2024 को सायं 05.00 बजे तक अपना दावा–आपत्ति छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ई–मेल (rec.cghc@cg.gov.in) पर प्रेषित कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त पद हेतु पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में नोटरीकृत घोषणा पत्र (declaration in the form of notorized affidavit) दिनांक 29/11/2024 को सायं 05.00 बजे तक छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ई–मेल (rec.cghc@cg.gov.in) पर प्रेषित करना अनिवार्य होगा। साथ ही उन्हें साक्षात्कार के समय उक्त नोटरीकृत घोषणा पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें साक्षात्कार से वंचित किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय पर तथा निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र प्राप्त नहीं होने पर अभ्यर्थी के आवेदन पत्र को अपात्र माना जायेगा।

साथ ही जिन अभ्यर्थियों ने अपने आवेदन पत्र के साथ यह सूचित किया है कि वे विधि स्नातक के अंतिम वर्ष/अंतिम सेमेस्टर में शामिल हो रहे है, उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त नोटरीकृत घोषणा पत्र के साथ अपने विधि स्नातक के समस्त वर्ष/सेमेस्टर की अंकसूची भी (यदि उपलब्ध हो तो अंतिम वर्ष/अंतिम सेमेस्टर की अंक सूची भी प्रेषित करें) छ.ग. उच्च न्यायालय के ई–मेल (rec.cghc@cg.gov.in) पर प्रेषित करें।

दावा–आपत्ति के पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची पृथक से जारी की जायेगी।

विस्तृत जानकारी/सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

21/11/24

(बलराम प्रसाद वर्मा)
रजिस्ट्रार जनरल